Alberta

समाचार विज्ञप्ति

सामुदायिक चिकित्सक जल्द ही टीके लगाएँगे

16 मार्च 2021

सामुदायिक चिकित्सक जल्द ही COVID-19 टीके लगाना शुरू कर देंगे, जिससे एल्बर्टावासियों को जल्द से जल्द अपनी खुराक प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

एल्बर्टा स्वास्थ्य (Alberta Health) टीकों की आपूर्ति बढ़ने के कारण टीका वितरण योजना में सामुदायिक चिकित्सकों को शामिल करने के लिए एल्बर्टा चिकित्सीय संगठन (एएमए) [Alberta Medical Association (AMA)] के साथ मिलकर काम कर रहा है।

इसके परिणामस्वरूप एल्बर्टा के चिकित्सकों और अपने दम पर संचालित किए जाने वाले क्लीनिकों की ओर से 500 से भी अधिक अभिरुचि की अभिव्यक्तियाँ (expressions of interest) प्राप्त हुई हैं। आपूर्ति पर निर्भर करते हुए, संयुक्त रूप से 1,100 चिकित्सकों के साथ 185 चिकित्सक क्लीनिक प्रतिदिन अनुमानत: 14,000 खुराकों की अतिरिक्त क्षमता प्रदान करेंगे। कुछ चिकित्सक पहले से ही टीके लगाने में एल्बर्टा स्वास्थ्य सेवाओं (एएचएस) [Alberta Health Services (AHS)] की सहायता कर रहे हैं।

सबसे पहले अपने क्लीनिकों में टीके लगाने वाले सामुदायिक चिकित्सकों से अप्रैल में टीकाकरण शुरू करने की उम्मीद की जाती है। चिकित्सकों को इस सेवा के लिए बिल जारी करने की अनुमति देने के लिए चिकित्सीय लाभ अनुसूची (schedule of medical benefits) में नए, अस्थायी बिलिंग कोड जोड़े जा रहे हैं। आने वाले दिनों में एक मेडिकल बुलेटिन जारी की जाएगी, जिसमें विवरणों की रूपरेखा दी जाएगी।

चिकित्सकों और अन्य स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों को शामिल करने के उद्देश्य से तेज प्रवाह क्लीनिकों (rapid flow clinics) का नियोजन चल रहा है, जिनका उपयोग भविष्य में आवश्यकतानुसार किया जा सकता है। एल्बर्टा को उम्मीद से अधिक टीकों की आपूर्ति मिलने पर इन क्लीनिकों का उपयोग किया जाएगा।

आज तक एल्बर्टा में COVID-19 टीकों की 368,000 से भी अधिक खुराकें प्रशासित कर दी गई हैं, और 91,000 से भी अधिक लोगों को दो खुराकें देकर पूरी तरह से प्रतिरक्षित कर दिया गया है।

त्वरित तथ्य

- एल्बर्टा में लगभग 5,600 पारिवारिक चिकित्सक हैं
- एल्बर्टा स्वास्थ्य (Alberta Health) और एएमए (AMA) सहयोग में काम करके यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि एल्बर्टा में टीकों की आपूर्ति को प्रभावी और कुशल रूप से उपयोग किया जाए तथा एल्बर्टावासियों को विश्वसनीय स्रोतों से अपने टीकाकरण के बारे में निर्णयों को सूचित करने के लिए जानकारी सुलभ हो पाए।

संबंधित जानकारी

- एल्बर्टावासियों के लिए COVID-19 के संबंध में जानकारी
- COVID-19 स्व-आकलन उपकरण

मीडिया पूछताछ

स्टीव बिक
780-288-1735
प्रेस सचिव, स्वास्थ्य (Press Secretary, Health)
शान रूपनारायण
सार्वजनिक मामले एईडी, एएमए (AED Public Affairs, AMA)

और अधिक सरकारी अनुवादित संसाधनों के लिए कृपया इस वेबसाइट पर जाएँ: https://www.alberta.ca/covid-19-translated-resources.aspx